बागमती नदी की जलस्तर में अचानक बढ़ोतरी से अतरार बभनगामा रोड पर परिचालन बंद



औराई (आससे)। बागमती के जलस्तर में अचानक देर रात्रि बढ़ोतरी होने से अतरार- बभनगामा सड़क पर पानी चढ़ने से आवागमन बंद, वहीं कटरा पीपा पुल बंद। जलस्तर में अचानक वृद्धि होने से मधुबन प्रताप स्थित अर्ध निर्मित चचरी पुल क्षतिग्रस्त होकर बह गई। वहीं कई जगह चौर में पानी बहने की खबर से किसान परेशान होते दिखे। खरीफ की तैयार फसलों को नुकसान होने का अंदेशा है, व औराई कटरा सीमा पर स्थित मोहनपुर स्लुईस गेट खुला होने के कारण बागमती के जलस्तर में उछाल होने से बागमती का पानी औराई एवं कटरा के चौर में फैलने लगा। देर शाम तक इसे बंद करने का अथक प्रयास किया जाता रहा। इस बीच शाम मे बागमती के जलस्तर में कमी दर्ज की गई। फिलहाल कटौझा में बागमती खतरे के निशान से 40 सेंटीमीटर ऊपर बह रही थी। पहले ही अनर्नब तूफान से धान की फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा है। वही तेलहन एवं दलहन की बुवाई पर भी इसका असर पड़ा है, जबकि गेहूं की फसलों सहित रबी की फसल पर ग्रहण लग चुका है। इस बीच किसान संगठनों ने व्यापक क्षति को देखते हुए सरकार से मुआवजे की मांग की है। सरकार ने पहले ही बागमती की गाद एवं जल नि:सरण से हुई किसानों के फसल की व्यापक क्षति का आकलन का निर्देश दिया है जिससे किसान आशान्वित है।

अज्ञात वाहन की ठोकर से अधेड़ की मौत

सरैया (आससे)। थाना क्षेत्र के मुँगौली पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन से कुचलकर एक अधेड़ का घटना स्थल पर मौत हो गया है। जानकारी के अनुसार वह टेंपो से उतर कर सड़क पार कर रहा था। इसी बीच एक अज्ञात हाई स्पीड वाहन कुचल कर मौके से फरार हो गया।अधेड़ सड़क पर लहूलुहान होकर छटपटाने लगा,स्थानीय ग्रामीणों के सूचना पर मौके पर डायल 112की टीम मौके पर पहुंची, टीम के द्वारा टॉल प्लाजा पर तैनात एनएचआई के एंबुलेश को सूचना दिया,एंबुलेस घटनास्थल पर पहुंच कर घायल को लेकर सीएचसी सरैया पहुंचाया,जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।मोबाइल पर आए कॉल के आधार पर मृतक की पहचान वैशाली के नया टोला निवासी 50,वर्षीय नंदा पासवान बताया जा रहा है।सरैया पुलिस मृतक को पोस्टमार्टम में भेजने की प्रक्रिया कर रही है।वह अपने सुसराल पताही से घर जा रहा था। मुगोली में टेम्पू से उतर कर कर किसी से मिलने जा रहा था। घटनार रविवार की शाम की है ।

अवर निबंधन कार्यालय के स्थल स्थानांतरण का विरोध करने का निर्णय

मोतीपुर(आससे)। मोतीपुर बाजार से अवर निबंधन कार्यालय को कुशाही स्थानांतरित करने के प्रयास के खिलाफ लोग गोलबंद होने लगे हैं। रविवार को मोतीपुर अतीत पुरानी धर्मशाला में एक बैठक हुई जिसमें सैकड़े लोग शामिल हुए। बैठक में सर्व सम्मति आए एक प्रस्ताव पारित कर रजिस्ट्री कार्यालय को कुशाही ले जाने के प्रयास का विरोध किया गया। साथ ही मोतीपुर मेला रोड में मिथलेश राय द्वारा प्रस्तावित की गई 60 डिसमिल जमीन पर रजिस्ट्री कार्यालय के निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व वार्ड पार्षद मिथलेश राय ने कहा कि रजिस्ट्री कार्यालय हर हाल में मोतीपुर नगर परिषद क्षेत्र में रहेगा। इसके लिए उन्होंने अपने पिता के नाम की 60 डिसमिल जमीन रजिस्ट्री का प्रस्ताव जिलाधिकारी को शपथ पत्र और जमीन के कागजात के साथ दिया है। उन्होंने कहा कि उनके प्रस्ताव पर जिलाधिकारी ने एक दो सदस्यीय कमिटी बनाई है जिसको कुशाही और मोतीपुर मेला रोड की जमीन का तुलनात्मक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। अगर फिर भी कुशाही वाली भूमि पर निर्माण कार्य को स्वीकृति दी गई तो मामले को उच्च न्यायालय ले जाया जाएगा। जल्द ही जन कल्याण संघर्ष मोर्चा, मोतीपुर विकास मंच, मोतीपुर व्यवसायी संघ अंचलाधिकारी, भूमि माफिया गठजोड़ के खिलाफ अंचल कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगा। उन्होंने सुरक्षा और आवागमन के दृष्टिकोण से मोतीपुर मेला रोड में प्रस्तावित जमीन पर रजिस्ट्री कार्यालय निर्माण का समर्थन किया। कहा कि कुशाही वाली जमीन मोतीपुर बाजार से 8 किलो मीटर दूर है। थाना, बैंक की दूरी भी तकरीबन 8 किलो मीटर है। काश्तकारों के सुरक्षा की दृष्टिकोण से वह स्थान सुरक्षित नही है। इस लड़ाई को धारदार बनाने और आगे की रणनीति तय करने के लिए एक 17 सदस्यीय कमिटी का गठन किया जिसे संघर्ष मोर्चा का नाम दिया गया।

पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने का आरोप

मोतीपुर(आससे)। मोतीपुर थाना क्षेत्र के कोदरकट्टा पूरण टोला गांव में पूर्व रंजिश को लेकर एक गुट विशेष के लोगों ने रास्ते में घेर कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। इसमें साइकिल सवार कुंदन कुमार गंभीर रूप से जख्मी बताए गए हैं। परिजनों के सहयोग से जख्मी की चिकित्सा सीएचसी में कराई गई है। इस बाबर पीड़ित ने गांव के ही मो इम्तियाज एवं संजय चौधरी के खिलाफ थाना में शिकायत की है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

बिहार सीनियर फीडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता

विपुल कृष्ण और विवेक में कांटे की टक्कर

मुजफ्फरपुर। अखिल बिहार शतरंज संघ के तत्वावधान में मुजफ्फरपुर जिला शतरंज संघ द्वारा मुजफ्फरपुर के खबरा स्थित एक फार्म हाउस में आयोजित 'बिहार राज्य सीनियर फीडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता' का रोमांच अपने चरम पर है। प्रतियोगिता के दूसरे राउंड में टूर्नामेंट के सबसे बड़े और चौंकाने वाले उलटफेर देखने को मिले, जहाँ कम रेटिंग और अनरेटेड खिलाड़ियों ने मजबूत तथा उच्च रेटिंग वाले अनुभवी खिलाड़ियों को धूल चटा दी युवा खिलाड़ी प्रज्ञान परखर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1741 रेटिंग वाली मजबूत खिलाड़ी शिव प्रिया को पराजित कर बड़ा उलटफेर किया। मुकाबले की शुरुआत प्रीक डिफेंस से हुई, जिसमें प्रज्ञान ने आक्रामक रणनीति अपनाते हुए किंग-साइड पर लगातार दबाव



बनाया और अपने मोहरों की सक्रियता से खेल पर नियंत्रण स्थापित कर लिया। मिडिलगेम में सटीक रणनीति और सामरिक समझ का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने प्रतिद्वंद्वी को रक्षात्मक स्थिति में धकेल दिया और एंडगेम में उत्कृष्ट तकनीक व धैर्य दिखाते हुए यादगार विजय दर्ज की। एक अन्य रोमांचक मुकाबले में अनरेटेड खिलाड़ी सुबोध कुमार ने 1648 रेटिंग के मजबूत खिलाड़ी पीयूष कुमार मिश्रा को पराजित कर सभी को चौंका दिया। दूसरे राउंड के बाद शीर्ष रैंक के खिलाड़ी शुरुआती दो राउंड के रोमांचक मुकाबले समाप्त होने के बाद स्टैंडिंग में शीर्ष स्थान पर चल रहे प्रमुख खिलाड़ियों की आधिकारिक सूची इस प्रकार है : प्रथम स्थान विपुल सुभाषि, द्वितीय स्थान कुमार किशन, तृतीय स्थान विवेक शर्मा, चौथा स्थान कुमार पीयूष, पांचवां स्थान सुधीर कुमार सिन्हा, छठा स्थान भूपनाथ, सातवां स्थान विजय कुमार, आठवां स्थान रूपेश बी रामचंद्र, नौवां स्थान शुभम कुमार, दसवां स्थान आर्थ भारद्वाज।

खेल में हार स्वीकार कर निरंतर आगे बढ़ाने की जरूरत : पंकज राग

बिहार भारत डायलॉग में खेल विशेषज्ञों का जुटान ● नशा मुक्ति अभियान में खेल की भूमिका अहम : एसएसपी

मुजफ्फरपुर। स्वामी विवेकानंद ए क्रीड़ा एवं योग संस्थान के तत्वावधान में एल एन मिश्रा कॉलेज आफ बिजनेस मैनेजमेंट के सभागार में आयोजित बिहार स्पोर्ट्स डायलॉग सीजन 2 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के पद से बोलते हुए पूर्व केंद्रीय खेल पदाधिकारी पंकज राग ने खिलाड़ियों और खेल प्रशिक्षकों को कहा कि खिलाड़ियों को हार से हतोत्साहित होने की जगह उसे शालीनता से स्वीकार कर निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास जारी रखना चाहिए। यही खेल भावना है। उन्होंने कहा कि खेल संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास का माध्यम है । इसे हर हालत में अपनाने की कोशिश हो । उन्होंने आयोजन समिति को रचनात्मक प्रयास और खेल शिक्षकों को उभार देने के लिए सराहना की।

इससे पहले स्पोर्ट्स डायलॉग का जिले के वरीय पुलिस कप्तान कांतेश मिश्रा ने अन्य अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। मौके पर बिजनेस मैनेजमेंट कॉलेज के कुल सचिव के एस शेखर ने तमाम अतिथियों का पुष्प गुच्छ,अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। मौके पर

अपने संबोधन में एसएसपी श्री मिश्रा ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है । इसकी अनदेखी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बच्चों को हर हाल में खेल से जोड़ने की वकालत करते हुए कहा कि खेल वह माध्यम है जिससे हम बच्चों को गलत आदतों से बचा सकते हैं और नशा मुक्ति अभियान को पड़ाव तक ले जा सकते हैं । उन्होंने सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव का हवाला दिया और कहा कि यह सबके लिए चुनौती है। ऐसे में खेल शिक्षकों की जिम्मेदारी बड़ी हो जाती है । बच्चों में उनके प्रति आदर और अनुशासन का भाव भी होता है तो खेल शिक्षक अगर चाहेंगे तो बच्चों को अनुशासित बनाने में अहम भूमिका निर्वाह कर सकते



हैं। उन्होंने नशा मुक्ति के लिए सरकार के प्रयास और प्रशासन के स्तर पर की जा रही कार्रवाई के संदर्भ में आंकड़ों के साथ विस्तार से जानकारी दी और कहा कि अगर आमजन भी सहयोगी बने तो इस अभियान को शीघ्र मुकाम हासिल होगा । इसके लिए जरूरी है कि पुलिस की विभिन्न इकाई से मिलकर छात्र समुदाय आमजन और जिम्मेदार नागरिक सहयोगात्मक व्यवहार प्रस्तुत करें । अंतरराष्ट्रीय

खेल मनोविश्लेषक कर्नल अरविंद झा ने प्रतिभागियों को मानसिक तौर पर सुदृढ़ बनने, अपने अंदर की क्षमता को महसूस करने और लक्ष्य के प्रति संकल्पित बनने की प्रमाण के साथ टिप्स दी । फिटनेस पास के संस्थापक अक्षय वर्मा ने खेल प्रशिक्षकों को बताया कि खिलाड़ियों के लिए कसरत और संतुलित आहार कितना आवश्यक है । उन्होंने कई उदाहरण के साथ बताया कि वर्तमान परिवेश में खेल के क्षेत्र में सफलता के लिए फिटनेस बहुत जरूरी है और फिट रहने के लिए कसरत उतना ही आवश्यक है। उन्होंने शरीर को गतिशील बनाए रखने के लिए खिलाड़ियों को हर मौसम में कसरत करने की नसीहत दी।

बिहार खेल प्राधिकरण के उपनिदेशक हिमांशु सिंह ने खेल के क्षेत्र में केंद्र और बिहार सरकार की नीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि जमीनी स्तर पर इन योजनाओं के क्रियान्वित होने से खेल के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव संभव है। उन्होंने खेलो इंडिया के तहत खेल विकास के मद में 36000 करोड़ के आवंटन का हवाला दिया और

खेल प्रशिक्षकों को उनका स्किल निखारने और खिलाड़ी को बेहतर बनाने में शत प्रतिशत योगदान देने पर बल दिया। आईआईटी पटना के खेल निदेशक करुणेश कुमार ने बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए शारीरिक शिक्षक की महत्ता पर बल दिया और कहा कि उनके ऊपर ही बच्चों में अनुशासन और व्यवहार को संयमित करने का दारोमदार होता है । उन्हें अन्य उपयोग में रखने की जगह पूर्णकालिक खेल प्रशिक्षक के रूप में योगदान लेने की जरूरत है।

नवोदय विद्यालय के खेल समन्वयक संजय कुमार ने खेल के क्षेत्र में खेल प्रशिक्षकों के दायित्व और कार्यों पर प्रकाश डाला। वहीं अंतरराष्ट्रीय एथलीट आनंद मेंजिस ने अपने खेल जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला और खास तौर पर किड्स एथलीट के बारे में जानकारी दी । उन्होंने कहा कि सफलता के लिए खिलाड़ी में सोच और समर्पण का भाव पलना जरुरी है । तभी वह सफलता के मुकाम को हासिल कर सकेंगे ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी विवेकानंद क्रीड़ा एवं योग संस्थान के अध्यक्ष डॉ संजय सिंहा ,संचालन खेल शिक्षक राजीव कुमार और धन्यवाद ज्ञापन जिला एथलेटिक संघ के सचिव मृत्युंजय कुमार ने किया । कार्यक्रम में तकरीबन 8 जिलों से सैकड़ो प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिन्हें समापन के मौके पर प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।

आधुनिक बिहार के निर्माण में डा. श्रीकृष्ण सिंह की भूमिका अहम : ई अजीत

सरैया में जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत बिहार केसरी को दी गयी श्रद्धांजलि

सरैया (आससे)। सरैया स्थित एक निजी होटल में आधुनिक बिहार के निर्माता एवं बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री बिहार केसरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139 वीं जयंती पखवाड़ा समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य तरीके से मनाया गया।

इस अवसर पर क्षेत्र के कई राजनीतिक, सामाजिक एवं प्रबुद्ध लोगों ने समारोह में शामिल होकर बिहार केसरी को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके विचारों और आदर्शों को याद किया।कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह कांटी विधायक ई.अजीत कुमार, लालगंज की पूर्व विधायक अन्नू शुक्ला,तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के राजद एमएलसी प्रत्याशी रश्मि गौतम,जिला पार्षद बिपिन शाही,किसान चाची एवं धीरज शुक्ला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए कांटी विधायक ई.अजीत कुमार ने डॉ.श्रीकृष्ण सिंह के जीवन, संघर्ष, व्यक्तित्व एवं उनके ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ.



श्रीकृष्ण सिंह आधुनिक बिहार के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी और दूरदर्शी राजनेता थे। उनके नेतृत्व में बिहार ने शिक्षा, उद्योग, कृषि और सामाजिक विकास के क्षेत्र में नई दिशा प्राप्त की। उनका संपूर्ण जीवन समाज और राज्य के विकास के लिए समर्पित रहा।उन्होंने कहा कि बिहार केसरी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। नई पीढ़ी को उनके संघर्ष,त्याग,सामाजिक समरसता और विकास के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेनी चाहिए। ऐसे महापुरुषों की जयंती मनाने का उद्देश्य केवल उन्हें याद करना नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना भी है।समारोह में उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह के योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान उत्साहपूर्ण माहौल रहा और उपस्थित लोगों ने बिहार केसरी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।इस आयोजन के माध्यम से सरैया की धरती पर बिहार के महान सपूत को याद करते हुए उनके ऐतिहासिक योगदान और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में राजू चौधरी,अबोध शाही, पूर्व डीएसपी सोनेलाल सिंह, सोनू साही,रूपेश सिंह,मुन्ना राई, रणधीर शाही,शिवम उर्फ गोलू सिंह, सुनील शर्मा, सरोज सिंह सहित अन्य लोगों शामिल थे,कार्यक्रम की अध्यक्षता अंकित कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन गौरव सिंह ने किया।

त्रिशांत कुमार बने रैपिड शतरंज के विजेता

मुजफ्फरपुर। चित्रांश खेल एवं सांस्कृतिक मंच के बैनर तले नयाटोला स्थित थियोसोफिकल लॉज के सभागार में आयोजित स्वामी विवेकानंद अंडर 19 एक दिवसीय रैपिड शतरंज प्रतियोगिता के विजेता त्रिशांत कुमार बने। उपविजेता का खिताब सिद्धार्थ सौरव को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन अखिल बिहार शतरंज संघ के सचिव राजीव कुमार सिन्हा, चित्रांश खेल एवं सांस्कृतिक मंच के संयोजक के के सिन्हा एवं मुजफ्फरपुर जिला शतरंज संघ के पूर्व सचिव उभय रंजन ने शतरंज की बाजी चलकर किया। प्रतियोगिता रैपिड फॉर्मेट 15+10 में कुल 5 चक्रों में आयोजित की गई। अंडर 15 आयु वर्ग में नैतिक मिश्रा विजेता एवं आर्या धीमंत उपविजेता, अंडर 13 आयु वर्ग में रूद्रप्रीत सिंह विजेता एवं अयान रफीक उपविजेता, अंडर 11 आयु वर्ग में त्रिजल श्रीवास्तव विजेता एवं अर्पण कर्ण उपविजेता तथा अंडर 9 आयु वर्ग में आदर्श श्रीवास्तव विजेता एवं अनुराग उपविजेता बने। निर्णायक की भूमिका में पूर्व बिहार राज्य जूनियर विजेता एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अभिषेक सोनू रहे। सभी विजेताओं को चित्रांश खेल एवं सांस्कृतिक मंच के पदाधिकारियों द्वारा ट्रॉफी एवं मेडल्स से सम्मानित किया गया।

पीएनबी मंडल कार्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित

मुजफ्फरपुर। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक, मंडल कार्यालय मुजफ्फरपुर द्वारा सामाजिक सरोकार एवं जनसेवा की भावना से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मंडल प्रमुख अभिमन्यु कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर में मंडल कार्यालय के साथ-साथ मंडल के अंतर्गत आने वाली विभिन्न शाखाओं से आए अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा स्वेच्छा से रक्तदान किया। बैंक की महिला कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए रक्तदान कर इस सामाजिक पहल में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर मंडल प्रमुख ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि समाजहित से जुड़े ऐसे प्रयास लोगों को सेवा और सहयोग के लिए प्रेरित करते हैं। शिविर के दौरान उपस्थित बैंक कर्मियों को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आयोजित इस रक्तदान शिविर के माध्यम से पंजाब नेशनल बैंक, मंडल कार्यालय मुजफ्फरपुर ने सतर्कता, सामाजिक जिम्मेदारी एवं जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का संदेश दिया।

सड़क हादसे में बाइक सवार किशोर घायल

सरैया (आससे)। अम्बरा- देवरिया मुख्य सड़क पर पारू थाना क्षेत्र के दाउदपुर गांव के समीप रविवार की शाम सड़क पार कर रहे कुते को बचाने के दौरान बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक सवार 14 वर्षीय एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से परिजन उसे इलाज के लिए पारु सीएचसी में भर्ती कराया। वहां डॉ. एफ. रहमान ने प्राथमिक उपचार के बाद किशोर की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि थाने के फुलवरिया गांव निवासी मो0शमीम अंसारी के 14 वर्षीय पुत्र मो0 मोजसम शमीम जाफरपुर बाजार से समान खरीद कर अपने घर जा रहा था कि दाउदपुर गांव के पास कुते को बचाने में उसका बाइक फिसल गया जिसे वह बुरी तरह घायल हो गया।

संदिग्ध स्थिति में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

मुजफ्फरपुर। बंदरा प्रखंड के बंदरा गांव में संदिग्ध स्थिति में महिला की मौत हो जाने की खबर है। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर गला दबा कर हत्या किए जाने का लगाया आरोप लगाया है। मृतका मुसहरी थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव निवासी ननकी मांझी की है बेटी बताई गई है घटना की खबर मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया है।

खड़े बोलेरो में ई-रिक्शा ने मारी टक्कर, अबोध बच्ची की मौत

लौरिया (संवाद सूत्र)। एन एच 727 लौरिया बगहा मुख्य सड़क स्थित कपूरी आश्रम के समीप मुख्य सड़क पर खड़े बोलेरो में ई रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी ।जिससे ई रिक्शा सवार पांच वर्षीय अबोध बच्ची की घटना स्थल पर ही मौत हो गई । मृतका की पहचान बथुवरिया थाना क्षेत्र के पिपरा भठैया निवासी रौशन शुक्ला की पांच वर्षीय पुत्री राजनंदिनी के रूप में हुई । वहीं घायलों में इसी गांव के शिवसागर शुक्ला के 50 वर्षीय पुत्र राजेश शुक्ला, तथा राजेश शुक्ला की 45 वर्षीय पत्नी रिता देवी एवं राजेश शुक्ला की 18 वर्षीय बेटी रुची कुमारी घायल हो गए ।

रिमांड पर लेकर मुन्ना स्कॉर्पियो से होगी पूछताछ

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर जिला समेत आसपास के जिलों में हुई स्कॉर्पियो चोरी की घटनाओं का खुलासा करने के लिए पुलिस गिरफ्तार वाहन चोर अंजय कुमार उर्फ मुन्ना स्कॉर्पियो और उसके सहयोगी दिनेश सिंह को रिमांड पर लेगी। दोनों से पूछताछ में वाहन चोरी के कई मामलों का राज खुलने की उम्मीद है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि अब तक दोनों ने कितनी स्कॉर्पियो चोरी की और किन-किन जगहों पर उन्हें बेचा है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरोह में मुन्ना स्कॉर्पियो गाड़ियों की चोरी करता था, जबकि उसका सहयोगी दिनेश सिंह चोरी की गाड़ियों को ठिकाने लगाने की जिम्मेदारी संभालता था। चोरी के बाद गाड़ियों को दूसरे राज्यों और नेपाल में बेच दिया जाता था। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने में जुटी है। बता दें कि सदर थाना क्षेत्र के गणेश दत्त नगर से 28 जुलाई 2026 की सुबह संजय कुमार सिंह की स्कॉर्पियो चोरी कर ली गई थी। घर की चारदीवारी के अंदर खड़ी गाड़ी को दो चोर सीसी कैमरे में चोरी कर ले जाते दिखे थे। फुटेज के आधार पर पुलिस ने मुन्ना स्कॉर्पियो की पहचान की थी। इसके बाद लगातार छापेमारी कर उसे वैशाली जिले के सहदेई थाना क्षेत्र से दिनेश सिंह के साथ गिरफ्तार किया गया।

मुन्ना स्कॉर्पियो पर वैशाली जिले के विभिन्न थानों में वाहन चोरी के चार और मुजफ्फरपुर में छह मामले दर्ज होने की जानकारी मिली है। वह कई बार जेल भी जा चुका है। वहीं, दिनेश सिंह पूर्व में ट्रक चोरी के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस को आशंका है कि रिमांड पर पूछताछ के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई स्कॉर्पियो चोरी की घटनाओं के साथ चोरी के वाहनों के खरीदारों और उन्हें दूसरे राज्यों तक पहुंचाने वाले नेटवर्क की जानकारी मिल सकती है।

विश्वविद्यालय परिसर में चला श्रमदान स्वच्छता अभियान

मुजफ्फरपुर। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं न्यू सोशल साइंस फैकल्टी के सभी विभागों के साथ हिंदी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से न्यू सामाजिक विज्ञान संकाय के समीप कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय के नेतृत्व में ' श्रमदान सह स्वच्छता जागरूकता, प्लास्टिक मुक्त बिहार एवं नशामुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान' चलाया गया।

न्यू सामाजिक विज्ञान संकाय एवं हिन्दी विभाग सह राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस अभियान की स्वागतकर्ता और एनएसएस समन्वयक डॉ. अनुराधा पाठक ने अतिथियों का अभिनंदन किया तथा उपस्थित शिक्षकों एवं पदाधिकारियों को अभियान के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने कहा कि जब हमारा युवा नशे और गंदगी से मुक्त होगा तभी हमारा भारत पूरी तरह से आत्मनिर्भर और विकसित होगा,



इसलिए स्वच्छता को हमें एक आदत के रूप में अपनाना होगा क्योंकि यह हमारे भीतर राष्ट्र प्रेम को मजबूत करती है। अभियान के मुख्य आयोजक सीसीडीसी प्रो. रजनीश गुप्ता ने कहा कि विश्वविद्यालय को प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छ बनाने के लिए सभी विभागों को मिलकर एक रोल मॉडल स्थापित करना होगा। इस अभियान में विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं पदाधिकारियों सहित लगभग 100 की संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी शामिल हुए। अभियान की समाप्ति के उपरांत नीतीश्वर कॉलेज़ के स्वयंसेवक शिवम् कुमार द्वारा उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता एवं नशामुक्ति के लिए संकल्प दिलाया गया।

किसानों को रबी फसल के बेहतर पैदावार और आधुनिक खेती की दी गयी तकनीकी जानकारी

औराई(आससे)। प्रखंड परिसर स्थित कृषि भवन सभागार में शनिवार को रबी महोत्सव के अवसर पर किसानों को रबी फसलों की बेहतर पैदावार और आधुनिक खेती की तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने, कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने तथा कृषि योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक करना रहा।

महोत्सव के दौरान कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को गेहूं, दलहन, तिलहन सहित अन्य रबी फसलों की बुआई, बीज उपचार, मिट्टी की जांच, संतुलित उर्वरक के उपयोग और सिंचाई के उचित तरीकों की जानकारी दी, किसानों को उन्नत किस्म के बीजों का चयन करने तथा फसलों को कीटों और रोगों से बचाने के उपाय भी बताए गए ।

मौके पर उपस्थित किसान व भाजपा नेता हरिओम कुमार प्रखंड विश्व उत्तरी उपाध्यक्ष बेचन महतो ,कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण ठाकुर समेत अन्य किसानों ने प्रखंड कृषि अधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा की प्रखंड के किसानों को डीएपी, पोटाश, यूरिया सभी खाद मूल्य से दुगुनी दम पर मिल रहा है जिस पर प्रशासन का कोई लगाम नहीं है।किसानों ने फसल सहायता योजना 2024-25 में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी करने का आरोप लगाया, जिस पर बीएओ कोई जवाब नहीं दे पाए।

बैठक में कृषि अधिकारी ललन प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि सुभाष शर्मा, किसान गोपाल शाही समेत दर्जनों किसान व कृषि समन्वयक अक्षय कुमार, प्रवीण कुमार, सलाहकार रंजीत कुमार, पंकज कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।